epaper
हिन्दुस्तान

कई नागरिक सुविधाओं से लैस हुआ यूपी का पोर्टल

25/04/2022

लखनऊ,विशेष संवाददाता। यूपी सरकार का राज्य पोर्टल अब नए कलेवर में कई नागरिक सुविधाओं से लैस हो गया है। अब इसके होमपेज पर 30 ज्यादा मोबाइल ऐप की जानकारी मौजूद है। जिनके जरिए पढ़ाई, रोजगार, सुरक्षा संबंधी जानकारी व सेवाओं का उपयोग किया जा सकता है। यही नहीं साइबर क्राइम केस ऑनलाइन दर्ज भी कराने की सुविधा भी है।

यूपी सरकार की अधिकारिक वेबसाइट **upgov.nic.in** में लंबे समय बाद बदलाव कर उसे और अधिक उपयोगी बनाया गया है। इसलिए यूपी सरकार की सारी योजनाओं से जुड़े मोबाइल एप जोड़ दिए गए हैं। ई-गवर्नेंस योजनाओं से विभिन्न प्रकार की सुविधाएं ई- परीक्षा, आपूर्ति, ई- परिणय पत्र, ई- तुला, सृष्टि, टीचर ट्रांसफर सिस्टम, विधानसभा प्रश्नोत्तर प्रणाली, इम्प्लायमेंट एक्सचेंज, शादी-अनुदान पोर्टल,बिल्डिंग डवलपमेंट परमिट, एनओसी फार बिल्डिंग प्लान कांस्ट्रक्सन ऐप के जरिए जनता के लिए उपलब्ध हो गईं हैं। इसमें ज्यादातर नई सेवाएं हैं।

होमपेज पर यूपी की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक व निवेश -विकास की झलक चित्रों के माध्यम से दिखती है तो डायल 112 सेवा व ओडीओपी इनको खास तौर पर प्रमुखता से रखा गया है।